हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 नवंबर 2025
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 डेढ़ साल बाद भी नहीं जल सकी बैतूल रोड की...



10 कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना, भैरुंदा...



## खबर संक्षेप

### मिशन शक्ति के अंतर्गत विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत परियोजना सोहागपुर में जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद हॉल सोहागपुर में किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक संजय कुमार जैन, जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, राघवेंद्र पटेल, थाना प्रभारी उषा मरावी, डॉ. नेहा वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल, परियोजना अधिकारी जंसिता तिग्गा सहित आईसीडीएस सोहागपुर की समस्त पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहीं।

### सर्वाइट हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में बुधवार को मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिले के सर्वाइट हायर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम में किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड नर्मदापुरम की सदस्य श्रीमती श्वेता चौबे, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल, विद्यालय की प्राचार्य, शिक्षक गण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### समय-सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# भावांतर योजना के राशि के वितरण की समस्त तैयारी सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

बुधवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान विभागीय योजनाओं, आयोजनों, निर्वाचन कार्य सहित अन्य विभागीय कार्यों एवं विषयों की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी इआरओ (निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) एवं एईआरओ (सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) क्षेत्रीय स्तर पर अधिक सक्रियता के साथ कार्य करें तथा मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्ण जिम्मेदारी से संपादित करें।

कलेक्टर सोनिया मीना ने कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों के साथ समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश भी दिये।



### ग्रामीण अंचलों में भय व्याप्त

कलेक्टर ने भावांतर योजना के तहत जिले में अब तक हुई सोयाबीन फसल की खरीदी तथा किसानों के सत्यापन की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि विभाग को निर्देशित किया कि आगामी दिवस में मुख्यमंत्री द्वारा किसानों भावांतर योजना के तहत लाभ राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया जाएगा जिसकी समस्त तैयारी सुनिश्चित की जाए। उपसंचालक कृषि विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक 2700 से अधिक किसानों द्वारा लगभग 47 हजार क्विंटल सोयाबीन फसल का विक्रय भावांतर योजना के तहत किया गया है। कलेक्टर ने जिले में खाद एवं उर्वरक के वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की किसानों को डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के संबंध में अवगत कराएं। उन्होंने समितियों द्वारा किए गए खाद वितरण के रिकॉन्सिलिएशन रिपोर्ट तैयार होने में हो रहे विलंब पर डीआरसीएएस को समिति स्तर पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

### नरवाई प्रबंधन पर नाराज हुई कलेक्टर

कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन की समीक्षा करते हुए सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से निर्देश प्रदान किए जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा फील्ड पर सक्रियता नहीं दिखाई जा रही है जिससे नरवाई जलने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है जो की चिंता का विषय है। कलेक्टर ने इस दौरान नरवाई जलने के प्रकरणों में की गई कार्यवाही तथा अधिरोपित जुर्माने की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों द्वारा जुर्माना अधिरोपित करने के उपरांत उसकी रिकवरी नहीं की जा रही है उन्हें नोटिस जारी किए जाएं। समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में सड़कों के मरम्मतीकरण की समीक्षा के दौरान समय सीमा में सड़कों का मरम्मत तथा पैच वर्क किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए की सड़कों के मरम्मतीकरण का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। साथ ही उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया की रेत वाहनों की पार्किंग के लिए खदानों के पास ही व्यवस्थित स्थान सुनिश्चित किया जाए।

## गिफ्ट पाने की चाह में महिला ने बेंचे जेवर, हुई ठगी का शिकार

### थाना पथरौटा में साइबर ठगी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम पथरौटा गांव की एक विवाहित महिला से व्हाट्सएप पर दोस्ती कर ठगों ने 7 लाख रुपए हड़प लिए। ठगों ने खुद को लंदन में रहने वाला बताया और महंगे गिफ्ट व ज्वेलरी भेजने का लालच दिया। महिला ने भरोसा कर 4 महीने में बार-बार रकम ट्रांसफर कर दी। पुलिस ने अब दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पथरौटा थाना प्रभारी संजीव सिंह पवार के अनुसार, महिला को 15 जुलाई 2025 को व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से मैसेज और कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को विपिन गुप्ता बताया। बाद में उसने अपने एक मित्र विकास ठाकुर का जिक्र किया, जो लंदन में रहने की बात कहता था।

#### 4 माह से करती रही पैसे ट्रांसफर

दोनों से लगातार बातचीत के बाद महिला को भरोसा हो गया। ठगों ने कहा कि वे लंदन से उसके लिए महंगे गिफ्ट और ज्वेलरी भेजेंगे। इसके बाद कभी कस्टम ड्यूटी, कभी चार्ज और टैक्स के नाम पर पैसे मांगे गए।

महिला लालच में आ गई और चार महीने में बार-बार रुपए ट्रांसफर करती रही। उसने अपने घर की ज्वेलरी बेच दी और बैंक में गिरवी रखकर भी रकम भेजी। जब गिफ्ट नहीं पहुंचे तो उसने परिवार को बताया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद विपिन गुप्ता और विकास ठाकुर के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है। साइबर सेल प्रभारी पदम सिंह मौर्य ने बताया कि रोजाना ऐसे फ्रॉड के मामले सामने आ रहे हैं। साइबर ठग बड़े स्तर पर लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अनजान कॉल या व्हाट्सएप मैसेज पर भरोसा न करें। डॉट एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक ओपन न करें। फ्री या सस्ते ऑफर पर क्लिक करना ठगी का पहला कदम होता है।

#### सतर्क रहें नागरिक

साइबर सेल प्रभारी पदम सिंह मौर्य ने बताया कि रोजाना ऐसे फ्रॉड के मामले सामने आ रहे हैं। साइबर ठग बड़े स्तर पर लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अनजान कॉल या व्हाट्सएप मैसेज पर भरोसा न करें। डॉट एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक ओपन न करें। फ्री या सस्ते ऑफर पर क्लिक करना ठगी का पहला कदम होता है।

## जुर्माने का नोटिस मिला तो करवाई पलकमती घाट की पुताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



दो अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा समाप्त हुआ था। इस दिन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने मातापुरा वार्ड स्थित पलकमती नदी के घाट के सौंदर्यीकरण में सफाईकर रंगाई की गई थी। लेकिन एक व्यक्ति ने घाट पर कबाड़ा रखकर सौंदर्यीकरण को क्षति पहुंचाई थी।

जिसके बाद सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने 10 हजार रुपए जुर्माने का नोटिस संबंधित को दिया था। समझौते का संवाद आगे बढ़ा तो संबंधित व्यक्ति ने ना सिर्फ घाट की सफाई कराई है, बल्कि सौंदर्यीकरण कर कबाड़ दूर रखा गया है।

वहीं नागरिकों का कहना है कि अधिकतर घाटों तक जाने के रास्ते कबाड़ सामग्री पटककर बंद किये गए हैं। नागरिकों ने कबाड़ के अतिक्रमण पर कार्रवाई की अपेक्षा की है।

#### किया था प्रकाशन

उल्लेखनीय है कि संबंधित व्यक्ति को घाट सौंदर्यीकरण को क्षति पहुंचने पर नप सीएमओ द्वारा नोटिस देने का समाचार 30 अक्टूबर 2025 को हरिभूमि ने प्रकाशित किया था। प्रकाशित खबर में उल्लेख था कि केंद्र सरकार के स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में समग्र स्वच्छता अभियान चलाया गया था तथा घाट सौंदर्यीकरण किया गया था। जिसे एक व्यक्ति ने क्षति पहुंचाई थी तथा नप सीएमओ ने रू 10000 की जुर्माने की कार्रवाई का नोटिस दिया था। यद्यपि यह ज्ञात नहीं हो सका है कि नगर परिषद ने कुछ जुर्माना वसूला भी है अथवा नहीं। उक्त मामले में नप की संबंधित शाखा के अधिकारी व कर्मचारी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं।




## चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराधों की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराधों की संभाग स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि पुलिस विवेचना में कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित ना रहे। डीआईजी प्रशांत खरे ने बताया कि नर्मदापुरम के 28 बैतूल के 35 और हरदा जिले के 38 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। यह चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराधों की श्रेणी के है। 31 अक्टूबर की स्थिति में नर्मदापुरम के दो प्रकरणों का निराकरण न्यायालय द्वारा किया गया है, जिसमें अपराधी को दोष सिद्धि की गई है। इसके साथ ही नर्मदापुरम में दोष मुक्ति पर जो अपील की गई है उसके तहत नर्मदापुरम में दो प्रकरण चल रहे हैं।

## भारतीय किसान मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा 10 सूत्रीय मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



भारतीय किसान मजदूर संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम प्रियंका भल्लावी को सौंपा है। संगठन ने 10 सूत्रीय मांगों के निराकरण की अपेक्षा मुख्यमंत्री से की है। संगठन की ओर से ज्ञापन में उल्लेख है कि प्रशासन द्वारा धान पराली नहीं जलाने का कानून बनाने से किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों पर की गई जुर्माने की कार्रवाई वापस लेने मांग की गई है। अगले बिंदु में उल्लेख है कि खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों की फसल पर प्रभाव पड़ेगा, अतः खाद उपलब्ध कराया जाए। आगे उल्लेख है कि 10 घंटे बिजली देने की मुख्यमंत्री की घोषणा पर तत्काल अमल किया जाए, नहरें खोलने के पहले इनकी सफाई कराई जाए, ओवरलोड वाले बिजली फीडर्स में बिजली व्यवस्था तत्काल प्रभाव से सुधारी जाए तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र शुरू किये जाएं। इस दौरान सतीश रघुवंशी, केसरी सिंह पटेल, विक्रम रघुवंशी, भैयाजी पटेल, नवाब पटेल, राममूर्ति पटेल, उमेश पटेल, बलराम पटेल, चंदन सिंह ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, रोहित पटेल व संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लाडली बहना योजना के 1500 रु प्रतिमाह किए जाने पर जिलाध्यक्ष ने सीएम का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों को दी जाने वाली राशि रू 1250 से बढ़ाकर रू 1500 प्रतिमाह किए जाने की घोषणा से पूरे प्रदेश में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। नर्मदापुरम जिले में भी इस निर्णय का व्यापक स्वागत किया गया है। भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम की जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम प्रदेश की मातृशक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना भाजपा सरकार की उस प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसके केंद्र में सदैव बहनों का सम्मान और सशक्तिकरण रहा है। शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने बहनों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह राशि बढ़ाई है, जिससे उन्हें अपने परिवार की आवश्यक जरूरतें पूरी करने, बच्चों की शिक्षा और घर-परिवार के छोटे-छोटे सपनों को साकार करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि आत्मसम्मान और स्वावलंबन का प्रतीक बन चुकी है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नर्मदापुरम जिले की हजारों बहनों के खातों में यह राशि पहुंच चुकी है और हर घर में खुशी का माहौल है।

बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय उनके जीवन में नई ऊर्जा लेकर आया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 13 दिसंबर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर-कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद लगने वाले ब्याज पर छूट मिलेगी।

## सड़क अवरूद्ध करने वाले फल सब्जी विक्रेताओं पर किया जुर्माना, दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नगर में यातायात सुगम बनाने के लिए नगरपालिका की टीम आज पूरी तैयारी के साथ बाजार क्षेत्र में उतारी। सतरस्ते से लेकर हीरोहोण्डा चौक, पुराने थाने के सामने, सतरस्ता और ग्वालटोली जाने वाले रास्ते से बेतरतीब तरीके से ठेले लगाकर मार्ग अवरूद्ध कर रहे लोगों पर जुर्माना किया। साथ ही समझाइश दी गई। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण दल लगातार कार्रवाई की जा रही है। फल एवं सब्जी विक्रेता जो कि सड़क मार्ग को अवरूद्ध कर रहे थे। उन्हें समझाइश दी गई। इसके बावजूद उन्होंने मार्ग से ठेले नहीं हटाए तो जुर्माने की कार्रवाई की गई और दोबारा ठेले लगाने पर फिर से जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में पुलिस टीम का विशेष सहयोग रहा। अतिक्रमण दल में राजस्व शाखा से एआरआई सुनील अवस्थी, दिलावर बेग आदि शामिल थे। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने नगर के फल एवं सब्जी विक्रेता व्यवसाइयों से आग्रह किया है कि वे अपना व्यवसाय निर्धारित स्थान पर ही करें। किसी भी तरह से सड़क मार्ग अवरूद्ध न करें।

## बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आदिवासी पाक व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहभागिता करने वाली छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन ने कहा कि आदिवासी व्यंजन जनजातीय समाज की जीवन शैली, परंपरा और प्रकृति से जुड़ी हुई पाक कला का महत्वपूर्ण भाग है। ये व्यंजन प्राकृतिक, पौष्टिक और स्वास्थ्य वर्धक होते हैं, जो स्थानीय सामग्री से तैयार किए जाते हैं। आदिवासी व्यंजन केवल भोजन नहीं अपितु संस्कृति, स्वास्थ्य और प्रकृति से जुड़ा जीवन दर्शन है। इस अवसर पर आर के चौकीकर, आभा बाधवा, डॉ निशा रिछारिया, डॉ मनीषा तिवारी, डॉ कीर्ति दीक्षित, श्रेया यादव, डाली गठोले आदि मौजूद रहे।

### खुशनुमा मौसम पर्यटन के लिए सबसे बेहतर, बढ़ रही संख्या

## पर्यटन के साथ स्वास्थ्य का ख्याल, पचमढ़ी में योग से होती है सैलानियों के दिन की शुरुआत, पार्कों में जुटते लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



मध्य प्रदेश की इकलौती हिल स्टेशन, पचमढ़ी, अब सिर्फ अपने प्राकृतिक सौंदर्य और हरे-भरे नज़ारों के लिए ही नहीं, बल्कि 'स्वास्थ्य-केंद्रित पर्यटन' के लिए भी एक नई पहचान बना रही है। यहां आने वाले सैलानियों के लिए अब पर्यटन भ्रमण के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी सरकारी और निजी होटलों की प्राथमिकता बन गया है।

पचमढ़ी के सभी होटल, चाहे वह सरकारी हो या निजी, अपने मेहमानों के लिए एक अनूठी पहल कर रहे हैं— दिन की शुरुआत योग के साथ। पर्यटकों को प्राकृतिक और शांत वातावरण में सुबह के समय योग सत्रों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

#### गोल्फ व्यू होटल में योग का विशेष नज़ारा

इस पहल की एक खूबसूरत झलक हाल ही में गोल्फ व्यू होटल में देखने को मिली। तस्वीर में दिखाई दे रहा है कि पर्यटक शांत और हरी-भरी वादियों के बीच, प्रकृति की गोद में बैठकर योगाभ्यास कर रहे हैं। सुबह की ताज़ी हवा और सूर्य की पहली किरणें इस योग सत्र को एक अद्भुत और स्फूर्तिदायक अनुभव बना देती हैं।

#### पर्यटन और स्वास्थ्य का सही तालमेल

होटल संचालकों का मानना है कि पचमढ़ी की शुद्ध हवा और शांत माहौल पर्यटकों को तनावमुक्त करने के लिए बेहतरीन है। ऐसे में, योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना, पर्यटकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। एक ओर जहां दिन भर की यात्रा और भ्रमण की थकान होती है, वहीं सुबह का योगाभ्यास उन्हें तरोताज़ा कर देता है। एक होटल मैनेजर के अनुसार, ृहम चाहते हैं कि हमारे पर्यटक पचमढ़ी से केवल खूबसूरत यादें ही नहीं, बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणा भी लेकर जाएं। योग सत्रों ने हमारे मेहमानों के बीच ज़बरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। पचमढ़ी का यह कदम वास्तव में प्रशंसनीय है।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव रथ रवाना

**नर्मदापुरम।** जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत ने जनजातीय गौरव रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक नागवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधि प्रीति शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजय राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रुति चौधरी, जितेंद्र चौहान, पार्षद ईश्वर जमींदार, शतुषार लोवंशी, अतुल बकोरिया एवं कमलेश लोवंशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
इस अवसर पर अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति योगदान को नमन किया।

एजेन्सी देना है। हरिभूमि
नर्मदापुरम् शहर में एजेन्सी एवं ब्यूरो की आवश्यकता है। सम्पर्क करें
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप

### फ्लोरिंग और ड्रेनेज निर्माण कार्य जारी

**बैतूल।** मध्य रेल बैतूल उपमंडल के अंतर्गत बैतूल-मरामझिरी सेक्शन के विजय भवन गंज बैतूल के समीप स्थित रोड अंडर ब्रिज के दोनों ओर फ्लोरिंग एवं ड्रेनेज का कार्य तेजी से जारी है। भारी वाहनों की आवाजाही और त्योहारी सीजन में बढ़े ट्रैफिक के चलते यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। इस संबंध में सहायक मंडल अभियंता बैतूल श्री सोनल सुखदेवराव बेसेकर ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए 26 नवम्बर 2025 तक केवल दोपहिया और चार पहिया हल्के वाहनों को ही रोड अंडर ब्रिज से गुजरने की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि ट्रक, बस और लोडिंग वाहनों जैसे भारी वाहनों का आवागमन इस अवधि में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहन वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। रेलवे विभाग ने नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि निर्माण कार्य में सहयोग करें, जिससे फ्लोरिंग और ड्रेनेज का कार्य समय पर पूर्ण कर आवागमन सामान्य किया जा सके।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मनाई वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ

**बैतूल।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई। प्राचार्य श्री अरुण सिंह भदौरिया ने बताया कि 7 नवम्बर 1875 को राष्ट्रीय वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### 7 लाख 28 हजार खर्च होने के बाद भी अंधेरे में डूबा मुख्य मार्ग

# डेढ़ साल बाद भी नहीं जल सकी बैतूल रोड की स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व विधायक निधि से नगर के मुख्य मार्ग ड्रीमलैंड सिटी से मुलताई की ओर स्ट्रीट लाइट लाइन स्थापित की गई थी। खंभे खड़े कर एलईडी लाइटें भी लगा दी गईं, लेकिन आज तक इन्हें बिजली कनेक्शन से नहीं जोड़ा गया। परिणाम स्वरूप नगर के मध्य से गुजरने वाला यह प्रमुख मार्ग अब भी अंधेरे में डूबा है। 7 लाख 28 हजार रुपए की राशि खर्च होने के बावजूद लाइटें सिर्फ दिखावे के लिए खड़ी हैं। विद्युत विभाग का कहना है कि उनका कार्य पूरा हो चुका है, अब कनेक्शन देना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। वहीं नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि जब नए खंभों की दूरी मुख्य लाइन से 500 मीटर से अधिक रखी गई है, तो अब अतिरिक्त खर्च वे क्यों करें।

### नगर प्रवेश करते ही अंधेरा उजाले के प्रयास रहे नाकाम

लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व नागरिकों और नगर पालिका ने स्थानीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख से अनुरोध किया था कि नगर के प्रवेश मार्ग पर ड्रीमलैंड सिटी से मुलताई तक स्ट्रीट लाइट लगाई जाए ताकि रात में उजाला रहे। विधायक देशमुख ने एसएसटीडी योजना के तहत 7 लाख 28 हजार 202 रुपए की राशि स्वीकृत की और मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, मुलताई को कार्य की जिम्मेदारी सौंपी। विभाग ने बैतूल रोड पर ड्रीमलैंड सिटी से पुरानी दूध डेयरी तक लगभग 420 मीटर लंबी लाइन खड़ी की, जिसमें 9 खंभे और एलईडी लाइटें लगाई गईं। साथ ही 25 किलोवाट क्षमता का ट्रांसफार्मर भी लगाया गया। लेकिन आज तक इन लाइटों को बिजली कनेक्शन से नहीं जोड़ा गया, जिससे पूरा क्षेत्र अंधकार में है।

### विभागों की जिम्मेदारी का खेल

विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि उनका कार्य केवल खंभे, लाइट और ट्रांसफार्मर लगाना था, जिसे पूरा कर लिया गया है। अब स्ट्रीट लाइट को चालू करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। दूसरी ओर नगर पालिका के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर का कहना है कि जब एजेंसी विद्युत विभाग था, तो उसे कार्य पूर्ण कर लाइटें चालू अवस्था में नगर पालिका को सौंपनी चाहिए थी। विभाग ने 500 मीटर दूर लाइन लाकर छोड़ दी, अब नगर पालिका अतिरिक्त खर्च क्यों करे?

### जनप्रतिनिधियों की अनदेखी

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो किसी जनप्रतिनिधि ने, न ही किसी सामाजिक संगठन ने यह जानने की कोशिश की कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद स्ट्रीट लाइटें अब तक क्यों नहीं जलीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है यह मुलताई है, जहाँ अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत सच होती दिख रही है।

### पूर्ण कर लिया है काम

हमारे विभाग को जितनी राशि मिली थी, उतना कार्य हमने पूर्ण कर दिया है। खंभे, केबल, एलईडी लाइट और ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं। अब नगर पालिका को नए कनेक्शन का आवेदन कर लाइन प्रारंभ करनी चाहिए।

**- सुमित सोनी, सहायक अभियंता, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, मुलताई**

इस कार्य की एजेंसी विद्युत विभाग थी। उन्हें स्ट्रीट लाइट चालू कर नगर पालिका को सौंपनी थी। उन्होंने मुख्य मार्ग की लाइट से 500 मीटर दूरी पर लाइन लाकर छोड़ दी है, ऐसे में नगर पालिका अब अतिरिक्त खर्च क्यों करे?

**योगेश अनेराव, इलेक्ट्रिकल उपयंत्री, नगर पालिका मुलताई**

## विद्यार्थियों ने किया बाकुड़ ग्राम का भ्रमण



**सारनी।** केन्द्रीय विद्यालय सारनी में बैग रहित दिवस तथा जनजातीय गौरव पखवाड़ा के संयुक्त आयोजन के अंतर्गत कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने सारनी के निकट स्थित ग्राम बाकुड़ का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आदिवासी समाज की जीवनशैली, संस्कृति, परंपरा और विरासत को निकट से जानने का अवसर प्रदान करना था। ग्राम पंचायत बाकुड़ के सरपंच भैयालाल बेठे तथा सचिव सुरेंद्र मार्सकोले ने बच्चों का स्वागत किया। सरपंच श्री बेठे ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और उसके प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। बच्चों ने ग्राम की पारंपरिक रीतियों, आवास शैली और स्थानीय संसाधनों के उपयोग को रुचिपूर्वक देखा और सीखा। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चे अत्यंत उत्साहित और प्रसन्न दिखाई दिए। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण केशव तिवारी, स्नेहलता बनखेड़े, इंद्रपाल सिंह चौहान एवं रीमा अरोड़ा द्वारा किया गया। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें स्थानीय संस्कृति से जुडऩे का अनूठा अवसर भी मिला। प्राचार्य प्रशांत पैलवर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ भ्रमण के लिए रवाना किया तथा इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में अनुभव आधारित शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक संवेदना विकसित होती है।

## विदाई एवं सम्मान समारोह की अनोखी पहल 2025 की हर्ष के साथ



**शाहपुर।** नगर में स्थित मिडिल स्कूल पतौवापुरा में लगभग 30 वर्षों से कार्यरत रसोईया श्रीमती रेखा कहार के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्रीमती रेखा कहार सन 1995 से मिडिल स्कूल में रसोईया के पद पर अपनी सेवाएं दे रही थी। उनके सेवानिवृत्त होने पर विदाई और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उनके कर्तव्यनिष्ठ कार्यो की सराहना की गई। वह समय से पूर्व शाला में उपस्थित होकर बच्चों के लिए भोजन प्रतिदिन तैयार करती थी। उनका 30 वर्षों में ना किसी बच्चे से, ना किसी शिक्षक से और ना ही किसी से वाद विवाद हुआ। उनके इस व्यवहार को देखते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर विदाई और सम्मान समारोह में सहयोग कर खुशियों को प्रफुल्लित किया। समारोह में नगर के शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों के द्वारा श्रीमती रेखा कहार को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान देकर, फूल मालाओं से स्वागत कर, पटाखे एवं ढोल बाजे के साथ किया गया। कार्यक्रम में आरएल भादे बीआरसी शाहपुर, सुनिल जोठे बीएसी शाहपुर, दीपना जगताप सीएसी संकुल कुंडी मैडम आदि रहे मौजूद।

## मिसेज यूनिवर्स दिव्या चौधरी का बैतूल पहुंचने पर किया भव्य अभिनंदन



**बैतूल।** राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी सामाजिक संस्था जन परिषद के स्थानीय चैप्टर के एक कार्यक्रम में मिसेज यूनिवर्स (फर्स्ट रनर अप), मिसेज इंडिया (लुमिनियस आईज), जन परिषद सहित और भी प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं की ब्रांड एंबेसडर दिव्या चौधरी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने बैतूल पहुंची, जहां संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत, अभिनंदन किया। इस दौरान जन परिषद संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव एवं जनपरिषद भोपाल के प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर जनपरिषद बैतूल चैप्टर के अध्यक्ष विजय दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम में कुछ स्थानीय उपलब्धि प्राप्त नागरिकों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में जन परिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी अरुण किलेदार ने बताया कि उनके अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षो से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यो में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस भी आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 300 एवं विदेशों में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यो को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। इस दौरान जनपरिषद बैतूल चैप्टर के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, वरिष्ठ नागरिक कृष्णचंद्र अग्रवाल, समाजसेवी बसंत वागद्रे, लोणारी कुनबी समाज सेवा संगठन के उपाध्यक्ष कृष्णा वागद्रे, अनिल दुबे, नीलम दुबे, पत्रकार जगदीश श्रीवास्तव सहित जन परिषद के अन्य सदस्यगण आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण रोकने पर ग्रामीणों को धमकी

## सरकारी जंगल पर कब्जे की कोशिश वन समिति ने उठाई कार्रवाई की मांग



**भौंरा।** ग्राम पंछी के आर.एफ. 86 क्रमांक के सरकारी जंगल में बाहरी लोगों द्वारा बार-बार अतिक्रमण का प्रयास किए जाने से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। ग्राम पंछी की वन समिति एवं ग्रामीणों ने मंगलवार को बैतूल कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और डीएफओ उत्तर बैतूल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वन समिति के सदस्यों गोपाल सिंह यादव, राकेश यादव और शिवराम बागमरे ने बताया कि राजेंद्र गड़वाल के कहने पर कुछ बाहरी व्यक्ति बीते दिनों से सरकारी वन भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। समिति और वन विभाग के कर्मचारी कई बार मौके पर पहुंचकर उन्हें रोक चुके हैं, लेकिन अतिक्रमण के प्रयास लगातार जारी हैं। इससे न केवल जंगल को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि ग्रामवासियों की आजीविका और वन्यजीवों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। समिति सदस्यों ने बताया कि जब उन्होंने अतिक्रमण रोकने और समझाइश देने का प्रयास किया, तो अतिक्रमणकारियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे तत्वों को तत्काल जंगल क्षेत्र से हटाया जाए और उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति वन क्षेत्र पर कब्जे की हिम्मत न कर सके। ज्ञापन सौंपने वालों में सरवन, मंगल, झालू, भैयालाल, भूतासिंह, रामजी, जयनारायण, रामकिशन, मुकेश, राजू, रामप्रसाद, इन्द्रकली, सुगरति, ममता, रईमां, कलावती शाहिद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वन विभाग सूत्रों के अनुसार, प्रकरण की जानकारी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त हो चुकी है और मामले की जांच की जा रही है। विभाग का कहना है कि सरकारी वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रों ने कहा-विज्ञान और गणित के शिक्षकों को रखें स्वतंत्र

## एसआईआर में लगे शिक्षक, स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



बीते 4 नवंबर से शुरू विशेष मतदाता पुनरीक्षण के कार्यों में स्थानीय प्रशासन द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को निर्वाचन के कार्यों में लगाया गया है। ऐसे में स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित होने लगे हैं। आगामी दो महीनों के बाद वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू होने वाली है। ऐसे में शिक्षण कार्य प्रभावित होने से छात्र-छात्राओं की परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की संभावना है। प्रभावित स्कूल प्रबंधन सहित छात्र-छात्राएं भी अब व्यवस्था बनाने की मांग कर रहे हैं, हालांकि देश की आजादी के बाद से ही निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में शिक्षकों की भूमिका ही बेहद महत्वपूर्ण रही है। चुनाव की तैयारी के साथ-साथ चुनाव संपन्न करने तक शिक्षकों को ही फ्रंट लाइन में रखा जाता है, किंतु इन दोनों इलाके में शिक्षकों की भारी कमी और अन्य ज्यादातर शिक्षकों को निर्वाचन में लिए जाने से इलाके के कई स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने लगी है।

### हायर सेकेंडरी के 18 शिक्षक निर्वाचन में

विशेष मतदाता पुनरीक्षण के कार्यों में ब्लॉक के कुल 113 शिक्षकों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। आमला-सारणी विधानसभा क्षेत्र में कुल 276 शिक्षकों को निर्वाचन के कार्यों में लगाया गया है। जानकारी के अनुसार ब्लॉक के लगभग दर्जन भर माध्यमिक स्तर के शिक्षक जो गणित और विज्ञान से आते हैं, इन शिक्षकों को निर्वाचन में लिए जाने से छात्र-छात्राओं की दिक्कतें बढ़ सकती हैं, क्योंकि प्रभावित स्कूलों में अब गणित और विज्ञान विषय की पढ़ाई पूरी तरह से बंद हो गई है। इसके अलावा हायर सेकेंडरी स्तर के भी 18 शिक्षकों को निर्वाचन में लिए जाने से शिक्षण कार्य प्रभावित होने लगे हैं। इस मौके पर कई छात्राओं ने गणित विज्ञान जैसे विषयों के शिक्षकों को स्वतंत्र रखने की बात भी कहीं है।

### लापरवाही और अधूरी जानकारी से भी दिक्कतें

सूत्रों ने बताया है कि निर्वाचन विभाग, निर्वाचन के लिए आवश्यकता अनुसार शिक्षा विभाग को शिक्षकों के लिए पत्र जारी करता है। जिस पर शिक्षा विभाग निर्वाचन को शिक्षक उपलब्ध कराता है, किंतु यहां देखा गया है कि स्थानीय शिक्षा विभाग के इलाके में ऐसे कई स्कूल जहां केवल दो शिक्षक ही है, उन्हें भी बीएलओ बना दिया गया है। जिससे ऐसे स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं। अब अपनी भूल सुधार के लिए शिक्षा विभाग इधर-उधर से ऐसे स्कूलों में शिक्षकों कि व्यवस्था बना रहा है। यानी विभाग को ही जानकारी नहीं है कि कौन से स्कूल में कितने शिक्षक है और कहां से कितने शिक्षकों को अन्य कार्यों में लगाया जाना है, यानी शिक्षा विभाग ऐसे गंभीर विषयों पर भी भ्रमित दिखाई पड़ता है।

### व्यवस्था बनाने का प्रयास करेंगे

मामले में प्रभारी बीआरसी एसआर कोसे ने बताया कि ये बात सही है कि इलाके में ज्यादातर शिक्षण संस्थानों में समस्याएं आ रही है। हमने पूरी गंभीरता के साथ शिक्षकों की सूची निर्वाचन को दी थी और हमेशा ही निर्वाचन में हमारे शिक्षक ही निर्वाचन कार्य संपन्न कराते हैं, किंतु शिक्षकों की कमी से कुछ जगहों पर दिक्कतें हो रही है हम व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में इलाके के एसडीएम से भी फोन पर संपर्क किया गया था, किंतु उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है।

### व्यवस्था बना रहे हैं

शिकायत के बाद हम व्यवस्था बना रहे है। जिला कलेक्टर को भी सूचना दी गई है। कोशिश है कि गणित और विज्ञान विषयों के शिक्षकों को वापस बुला लिया जाएगा, ताकि स्कूलों शिक्षण कार्य निर्विघ्न चलते रहे।

**- धीरेंद्र साहू, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आमला।**

### बालाजीपुरम में भव्य कार्यक्रम में पहुंचे हजारों लोग

# खेड़ी की संध्या पवार को मिला एक लाख का प्रथम जूडी अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल






भारत के पांचवें धाम श्री रुक्मणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में प्रथम कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें प्रथम जूडी अवार्ड एक लाख रुपए का खेड़ी सांवलीगढ की श्रीमती संध्या पवार को मिला। कार्यक्रम में हजारों लोगों की मौजूदगी में नाटक, म्यूजिकल बैंड आदि के कार्यक्रमों ने समां बांधा। गौरतलब है कि द जूडी अवॉर्ड फाऊंडेशन की स्थापना एक ऐसी संपूर्ण महिला को सम्मानित करने के लिए की गई है जिसने घर परिवार को समन्वित करते हुए समाज के लिए भी प्रेरणादायक कार्य किया गया हो। फाऊंडेशन के संयोजक व्दय रितेश शुक्ल और सुनील व्दिवेदी ने बताया कि इसमें सैकड़ों आवेदन आए लेकिन चार में से खेड़ी सांवलीगढ़ की श्रीमती संध्या पवार, बैतूल की श्रीमती मंजुला यादव, श्रीमती कल्पना योगेश गढ़ेकर एवं श्रीमती कैलाश रानी आहूजा का चयन किया गया। देश-विदेश की चयन समिति के लोगों ने यह अंतिम चयन किया।

अवॉर्ड शो कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए दीप प्रज्वलन के लिए श्रीमती जयदेवी वर्मा और उनके परिवार जनों के अलावा नगर परिषद बैतूल बाजार अध्यक्षा श्रीमती दुर्गावती संजय वर्मा को आमंत्रित किया गया। गणेश वंदना की अद्भुत प्रस्तुति जबलपुर से आए कलाकारों के द्वारा कालका ग्रुप के माध्यम से की गई। द जूडी नाम से डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसे देखकर काफी लोगों की आंखें सजल हो गई। संयुक्त परिवार को लेकर एक नाटक का मंचन कोशिश ग्रुप और उसके संयोजक शिरीष सोनी के द्वारा किया गया। लोगों ने इस नाटक को सराहा। वहीं मुंबई से आए जयेश बोरसे ने सैंड आर्ट के माध्यम से श्रीमती जयदेवी वर्मा की बैतूलबाजार से अमेरिका तक की कहानी को संजीव किया। इसके बाद अवॉर्ड के प्रथम चार नाम की घोषणा की गई। श्रीमती कैलाश रानी उपस्थित नहीं थीं। इसके अलावा तीनों प्रतिभागी मंच पर आए और कई सवालों के जवाब भी दिए। इस दौरान बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा और उनका पूरा परिवार मंच पर उपस्थित रहा। युवा अमेरिकन उद्योगपति ऋषि वर्मा ने सभी का परिचय कराया। चारों प्रतिभागियों में से विजेता की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की पुत्री श्रीमती वीणा सिंह के द्वारा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार और नगर परिषद बैतूल बाजार अध्यक्ष श्रीमती दुर्गावती संजय वर्मा ने श्रीमती जय देवी वर्मा के साथ विजेता संध्या पवार को एक लाख का चेक और प्रथम जूडी अवार्ड ट्रॉफी प्रदान की। तीनों प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। इसके बाद मुंबई से आए मुकुल शर्मा और क्षिप्रा नाहटा के म्यूजिकल बैंड ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। उनके एक से बढक़र एक गानों ने समां बांध और लोगों ने भोजन प्रसादी के साथ इसका आनंद लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक निलय डागा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कैलाश वर्मा, समाजसेवी नरेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शुक्ला, वरिष्ठ बलवंत धोटे, वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, समाजसेवी हरीश गढ़ेकर, बलराम जसूजा, समाजसेवी आशीष पचौरी के अलावा काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीजी शुगर एंड पावर प्रा.लि. ने गन्ना किसानों के मशीनीकरण की दिशा में बढ़ाया बड़ा कदम



**बैतूल।** श्रीजी शुगर एंड पावर प्रा. लिमिटेड सोहागपुर द्वारा किसानों के हित में एक सराहनीय पहल की गई है। मिल प्रबंधन ने खेती में मशीनीकरण को बढ़ावा देने और लेबर की कमी की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से गन्ना उत्पादक किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया है। मिल के शुभारंभ अवसर पर संचालक राजेंद्र गोयल, अखिलेश गोयल और वैभव महेश्वरी ने किसानों के साथ संवाद कर उन्हें नई तकनीक से जुडऩे के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादन में छोटे ट्रैक्टर और उनके उपकरण किसानों के लिए वरदान साबित होंगे, जिससे न केवल श्रम लागत में कमी आएगी बल्कि उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। इस अवसर पर मिल प्रबंधन ने उन किसानों को सम्मानित किया जिन्होंने गन्ना खेती में छोटे ट्रैक्टर का उपयोग कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनमें राजू यादव (लाखापुर), गोविंद शंकरदयाल (खेलड़ी), संदीप महेश पवार (बैतूल बाजार), हेमंत तुलसीराम (एनखेडा), अखिलेश शिवदयाल कारे (बाजपुर), सालिकराम ठाकुर (बडोरा) और सुरेश साहू बुन्डाला शामिल हैं। किसानों द्वारा खरीदे गए छोटे ट्रैक्टर अब श्रीजी शुगर मिल के सहयोग से खेतों में कार्य करते दिखाई देंगे।

संक्षेप खबर

## रमेश के साहू बने बीएसएनएल की टीएसी सदस्य



**इटारसी।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांसद विवेक कृष्ण तनखा के सुझाव पर बीएसएनएल की टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी में इटारसी के रमेश के साहू एडवोकेट सहित मध्य प्रदेश के सात अन्य लोगों को सदस्य के रूप में नामित किया है। टीएसी में जिन सदस्यों को मनोनीत किया गया है, उनमें रमेश के. साहू एडवोकेट इटारसी, ओमसेन इटारसी, आरिफ बेग जबलपुर, गजेंद्र यादव नीमच, चंद्रशेखर वासने सतना, मोहित साहू नरसिंहपुर, मयंक साहू नरसिंहपुर, मनीष तिवारी मैहर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट रमेश के. साहू पूर्व में भी टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के सदस्य के रूप में नामित हो चुके हैं। साहू सहित सभी नवनियुक्त सदस्यों के मनोनयन पर शुभचिंतकों एवं कांग्रेसजनों ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

### नागरिकों ने प्रशासन से की व्यवस्था बनाने की मांग

# 'स्पीड राइडर' चालक अपने ऑटो में बैठाते हैं क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे

बच्चों को स्कूल ले जाने वाले ऑटो में क्षमता से अधिक विद्यार्थी बैठाने से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। ऑटो चालक समय मिलाने तीव्र गति से वाहन दौड़ाते हैं। नागरिकों ने कहा कि ऑटो चालक बच्चों की सुध नहीं लेते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में स्कूली बच्चों को स्कूल ले जाने वाले ऑटो में क्षमता से अधिक विद्यार्थी बिठाने से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। ऑटो चालक समय मिलाने तीव्र गति से वाहन दौड़ाते हैं। नागरिकों ने कहा कि ऑटो चालक बच्चों की सुध नहीं लेते हैं। जनता के अनुसार यातायात सुधार व स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन मौन रहता है। यातायात जागरूकता सप्ताह के नाम पर दिखावे की कार्यवाही होती है। लेकिन स्कूली बच्चों वाले ऑटो की जांच नहीं की जाती है, जिनमें कई बार 15 से 20 बच्चों तक को बिठाया जाता है।

#### मात्र मजदूरों पर कार्रवाई

क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि कई ऑटो में स्कूली बच्चों को क्षमता से अधिक संख्या में बिठाया जाता है। उन्हीं ऑटो से कई बार फसल कटाई के लिए मज़दूर लाए जाते हैं। तब पुलिस की दृष्टि जरूर इन वाहनों ऑटो पर या अन्य वाहनों पर पड़ती है। वहीं स्कूली बच्चों को ढोने वाले ऑटो से जुगाड़ नहीं लग पाती है। नागरिकों ने एक सामान स्थिति में पुलिस के अलग-अलग व्यवहार पर सवाल उठाए हैं।

#### लगती है अनुमति

प्रशासनिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार स्कूली बच्चों को स्कूल घर से स्कूल अथवा स्कूल से घर तक ले जाने के लिए जो भी वाहन उपयोग में लाए जाते हैं, उनके लिए एक वैधानिक प्रक्रिया का पालन करना पड़ता है। सूत्र बताते हैं कि आरटीओ कार्यालय से विशेष अनुमति मिलती है तथा स्कूली बच्चों के वाहनों का रंग भी पीला करना होता है। लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के चलते ऑटो, मैजिक वाहन, मारुति वैन, जीप का उपयोग स्कूली बच्चों को घर से स्कूल तक अथवा स्कूल से घर तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। मामले में स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस भी इन नियमों से अवगत हैं, लेकिन नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। वहीं पलक भी किसी भी तरह से अपने बच्चों को स्कूल पहुंचना चाहते हैं, अतः वे भी नियमों की अनदेखी करते हैं। प्रशासन, संबंधित वाहन चालक व मालिक तथा पालक आदि पक्ष नियमों की अनदेखी करते हुए अपने सामयिक लाभ को प्राथमिकता देते हैं।

#### उदर पोषण का बड़ा जरिया

मामले में हरिभूमि संवाददाता ने कई ऑटो चालकों से बात की। तो उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को घर से स्कूल में स्कूल से घर तक पहुंचाना रोजगार का एक बड़ा साधन है। इसमें कम समय लगता है तथा मासिक शुल्क मिलना तय रहता है। रोजगार की अन्य सुलभ व्यवस्थाएं न होने पर व नियमों से अवगत होने के बाद भी ऑटो चालक इस कार्य को करने पर विवश हैं। आवश्यकता है कि सभी पक्षों को देखते हुए इस बात का ध्यान जरूर रखा जाए।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित



**रेहटी।** सांसद खेल महोत्सव 2025 विदिशा संसदीय क्षेत्र आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। यह महोत्सव विभिन्न खेलों जैसे कि एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, और क्रिकेट, रस्साकसी, चम्मच दौड़ आदि के साथ-साथ स्थानीय और पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है। खेलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2025 थी और 25 दिसंबर 2025 को एक खेल समारोह भव्य आयोजित कर समापन होगा। जिसको लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूलों में खेल महोत्सव कार्यक्रम ग्राम पान गुराडिया में संपन्न हुआ। जहां खेल और संस्कृति का अद्भुत समावेश देखा गया वही कार्यक्रम में सलकनपुर मंडल अध्यक्ष सिंह चंद्रवंशी और वरिष्ठ पदाधिकारीओ द्वारा छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान की गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में सरस्वती मां के चित्र पर माला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके बाद सरपंच पत्नी थी राजेश यादव द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस अवसर वरिष्ठ रामगोपाल टेलर, अनार सिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत, जनपद पंचायत बुधनी उपाध्यक्ष हरमेन्द नागर, पुरुषोत्तम यादव, सरपंच राजकुमारी राजेश यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, भागीरथ चौहान, पिंटू मंगतानी,विनोद नागर, जनपद सदस्य छोटेलाल कीर, युवा नेता सतीश लोवंशी, कुंवर सिंह पाल सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियां हुई सम्मानित



**सोहागपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर ने गत दिवस जपं में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान आधारित कार्यक्रम किया। जिसमें विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियों का सम्मान किया गया। सोहागपुर परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने बताया कि आयोजन में उपस्थित अतिथियों ने सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियानांतर्गत किए गए कार्यों एवं उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी ने बेटियों को साइबर क्राइम व बाल अपराधों की जानकारी दी। जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने उद्बोधन में रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती आदि की वीरता एवं शासन करने की क्षमताएं बताकर बेटियों को समाज संचालन में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी ने भी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक संजय जैन उपस्थित थे। जिन्होंने इतिहास में उत्कृष्टता को लेकर अपना नाम दर्ज करने वाली महिलाओं के बारे में जानकारी दी। महिला सशक्तिकरण अधिकारी आशु पटेल ने पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं का सम्मान विभाग की ओर से किया गया।

## सरदार पटेल की जयंती पर सोहागपुर में यूनिटी मार्च आज

**सोहागपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत, एकजुट भारत और विकसित भारत के संकल्प के साथ यूनिटी मार्च निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर आज यूनिटी मार्च आयोजन होगा। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज तथा महामंत्री ऋषभ गढ़वाल में बताया कि आज गुरुवार सुबह नौ बजे लोनिवि रेस्ट हाउस सोहागपुर के समक्ष सभी एकत्रित होंगे तथा यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। इस दौरान अतिथि रूप में नर्मदापुरम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, लोस सांसद दर्शन सिंह चौधरी, रास सांसद माया नारोलिया एवं सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित रहेंगे। सोहागपुर विजयपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील की है कि एकता के अभियान में सहभागी बनें।

## बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 08 की कांग्रेस पार्षद अनुराधा दीपक दीक्षित ने सिवनी मालवा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

इस संबंध में उन्होंने नर्मदापुरम जिले के पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा एस. थोटा को आवेदन सौंपा। आवेदन में बताया गया कि सिवनी मालवा का क्षेत्र विस्तृत है, जबकि पुलिस बल और संसाधन सीमित हैं। बनापुरा रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख स्थानों पर पुलिस चौकी बंद होने तथा 112 वाहन एवं स्टाफ की कमी के कारण कई बार घटनाओं के समय तत्काल पुलिस सहायता नहीं मिल पाती, जिससे चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित ने मांग की कि क्षेत्र में अतिरिक्त 112 वाहन तैनात किए जाएं, बनापुरा पुलिस चौकी को पुनः प्रारंभ किया जाए।

## स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 452 गर्भवती महिलाओं की जांच

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 09 नवंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 452 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 189 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रों में रेफर किया जाता है।

## पिपरिया उप जेल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी में उप जेल परिसर में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम संभाग की न्यायधीश तृप्ति शर्मा के मार्ग दर्शन में उप जेल परिसर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मनीष कुमार पारीक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा बताया गया कि 9नबबंर से 14नबबंर2025तक विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसका उद्देश्य न्याय की पहुंच आम जन तक हो सके यह सुनिश्चित करना है।उसी उद्देश्य से उप जेल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके अनुसार बंदियों को बताया गया कि जो लोग अपने प्रकरण में खुद के व्यय पर अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते ऐसे लोगों को विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से निशुल्क अधिवक्ता नियुक्त किए जाते हैं।जो उन बंदियों की निःशुल्क पैरवी करते हैं। ऐसे बंदी जेल प्रसाशन के माध्यम से अपने आवेदन कार्यालय में भेज सकते हैं। न्यायमूर्ति ने बंदीयोसे उनके प्रकरणों में के संबंध में चर्चा की गई। उप जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि समय समय पर बंदायो का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहे। तथा भोजन शाला का भी निरीक्षण किया गया। उस दौरान उप जेल अधीक्षक मनीष पवार एवं अन्य स्टाफ शामिल हुए।

## राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के क्रीड़ा कैलेण्डर 2025-26 के परिपालन में राजा भभूत सिंह शास. महाविद्यालय, पचमढ़ी की वंशिका राजपूत ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस (महिला) प्रतियोगिता में अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। क्रीड़ा अधिकारी एवं कोच डॉ सत्य प्रकाश पटेल और दल प्रबंधक डॉ अभिषेक सिंह, शास संजय गाँधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। डॉ पटेल ने बताया कि महिला वर्ग में भोपाल संभाग राज्य स्तरीय टेबल टेनिस विजेता एवं छिंदवाड़ा संभाग राज्य स्तरीय उपविजेता बना । यह दल गुजरात में होने वाली वेस्ट जोन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भी बरकातुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल का प्रतिनिधित्व करेगा। विजेता टीम को प्राचार्य डॉ एस शेखर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## गांधी स्टेडियम में हुआ श्री गुरुनानक कप सीजन 2 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री गुरुनानक कप सीजन 2 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को गांधी स्टेडियम में किया गया। पहले दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच कनिष्क इलेवन नर्मदापुरम ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके बाद लगातार तीन मुकाबले जीतकर आरसीसी लोहारिया की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 16 नवंबर रविवार को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजक मन्नी छाबड़ा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में सभी समाज की टीमों को शामिल किया गया है।

टूर्नामेंट का पहला मैच यंग वॉरियर इटारसी और कनिष्क 11 नर्मदापुरम के मध्य हुआ। नर्मदापुरम ने मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। दूसरा मैच आरसीसी लोहारिया और काव्या इलेवन खंडवा के बीच हुआ। जिसमें लोहारिया ने बैटिंग करते हुए विक्की के 34 रनों की मदद से 85 रनों का लक्ष्य रखा। लोहारिया टीम ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद नर्मदापुरम और आरसीसी लोहारिया के बीच टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। लोहारिया के विक्की ने नाबाद 67 रनों की पारी खेलते हुए टीम को विजय दिलाई। आरसीसी लोहारिया ने मैच जीतकर सेमिफाइनल में जगह बना ली।

प्रतियोगिता के आयोजक मन्नी छाबड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में ज्यादातर टीमें अन्य जिलों से आ रही है। इसी वजह से एक ही दिन में उनके ज्यादा से ज्यादा मैच कराए जा रहे हैं।

## असामाजिक गतिविधि के खिलाफ वार्डवासियों ने दिया ज्ञापन, पुलिस से कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 18 एवं आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती शराबखोरी और असामाजिक गतिविधियों के विरोध में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नेता हन्नू बंजारा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने नगर थाना इटारसी पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड में कुछ असामाजिक तत्व प्रतिदिन भारत माता चौराहे के समीप एवं आस-पास के क्षेत्रों में शराब पीकर गाली-गलौज करते हैं और झगड़े करते हैं, जिससे मोहल्ले का वातावरण दूषित हो रहा है। महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों को रोजाना इस कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड की पार्षद मनीषा कौर हरविंदर (हन्नू) सिंह बंजारा ने कहा कि इन असामाजिक गतिविधियों के चलते क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। महिलाएं मंदिर जाने और बच्चे स्कूल-कोचिंग आने-जाने से डरते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए स्थायी रूप से नियंत्रण किया जाए ताकि वार्ड में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपनी समस्या रखी और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## पंचायत परिसर में लगा विधिक साक्षरता शिविर



**सेमरी हरचंद।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार एवं अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय नर्मदापुरम के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस सप्ताह के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्रभारी अधिकारी श्रीमती संगीता डावर मौर्य जेएमएफसी सोहागपुर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भवन सेमरी हरचंद तहसील सोहागपुर में शतेजदीप सिंह जेएमएफसी द्वारा बुधवार को समय सुबह 10.30 बजे आयोजित किया गया है उक्त शिविर में न्याय उत्सव के अंतर्गत विधिक संबंधी जानकारी दी गई शिविर में तहसीलदार सोहागपुर ग्रामवासी गण की उपस्थिति रही।

### पुरानी इटारसी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# बाल सुरक्षा हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, नवंबर माह की गतिविधियों के उपलक्ष्य में 12 नवंबर को उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला पुरानी इटारसी में बाल सुरक्षा एवं बाल अधिकारों पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ललित देहरिया एवं सहायक संचालक संजय जैन के मार्गदर्शन में हुआ। शुभारंभ पारंपरिक रूप से सरस्वती पूजा एवं कन्या पूजन के साथ किया गया।

**आत्मरक्षा पर दिया जोर** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आयुषी गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, बाल सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। वार्ड 06 के पार्षद जिम्मी कैथवास ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी और बेटियों के महत्व के साथ ही घटते लिंगानुपात जैसे गंभीर विषय पर चर्चा की।



**पुलिस एवं कानून विशेषज्ञों का मार्गदर्शन** सब इंस्पेक्टर श्रद्धा राजपूत ने बालिकाओं से अपने अधिकारों के साथ-साथ आत्मरक्षा के उपाय जानने की अपील की और कहा कि पुलिस विभाग महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। एडवोकेट एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष दीपक जैन ने कानूनी दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए कहा, बाल अधिकारों का उल्लंघन गंभीर अपराध है। बाल संरक्षण एक सतत प्रक्रिया है जिसमें समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य नीतू चौहान ने बाल सुरक्षा में शिक्षकों की भूमिका को सबसे अहम बताया। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल और सचिव विवेक चांडक ने ऐसे कार्यक्रमों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला बताया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया। संचालन प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला ने किया, जिन्होंने विभाग का उद्देश्य बच्चों एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना बताया। कार्यक्रम में समस्त पर्यवेक्षक टीम अर्चना बस्तवार, रेखा चौरे, मीना गांठले और हिना खान उपस्थित रहीं।

## एसडीएम कार्यालय में समीक्षा बैठक, बीएलओ एप पर गणना पत्रक फीड करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



विधानसभा क्षेत्र 137 (होशंगाबाद) में मतदाता सूची और गणना कार्य को लेकर इटारसी एसडीएम कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एसडीएम नीलेश शर्मा और तहसीलदार सुनीता साहनी ने संयुक्त रूप से सुपरवाइजरों और बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ बैठक कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

**बीएलओ एप पर जानकारी फीड करने के निर्देश:**

बैठक का मुख्य उद्देश्य सुपरवाइजरों को गणना पत्रक वितरण और मैपिंग के संबंध में दिशा-निर्देश देना था। दोनों अधिकारियों ने इस दौरान बीएलओ को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे बीएलओ एप का उपयोग करते हुए गणना पत्रक में एकत्र की गई जानकारी को सही तरीके से और समय पर फीड करें।

**घर-घर पहुंचकर जारी है डेटा संग्रह:**

एसडीएम और तहसीलदार सुनीता साहनी शहर के 34 वार्डों में बीएलओ के साथ स्वयं घर-घर पहुंचकर गणना पत्रों में आवश्यक जानकारी एकत्र करने के कार्य की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों का यह प्रयास गणना कार्य में सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला 'युवा संगम' आज

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला आज 13 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जाएगी।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**हरदा।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन सांस्कृतिक और नवाचार की थीम पर किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम आज 13 नवम्बर को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। युवा उत्सव में भाषण प्रतियोगिता, कहानी लेखन, पेंटिंग, समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कविता लेखन तथा विज्ञान मेला प्रदर्शनी में 15 से 29 आयु वर्ग के युवक युवती प्रतिभागिता कर सकते हैं। उन्होने बताया कि इन विधाओं में प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गई है। भाषण प्रतियोगिता, कहानी लेखन, पेंटिंग, कविता लेखन तथा विज्ञान मेला प्रदर्शनी के लिये प्रतिभागियों के लिये 2-2 प्रतिभागी निर्धारित किये गये है, जबकि समूह लोक नृत्य व समूह लोक गीत के लिये प्रतिभागियों की संख्या 10-10 निर्धारित की गई है। सुश्री पटेल ने बताया कि समूह लोकनृत्य में भारतीय लोकनृत्य अधिकतम 15 मिनट तथा अतिरिक्त 05 मिनट मंच सेंटिंग हेतु निर्धारित रहेंगे।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 को रहटगांव में होगा


**रहटगांव।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय रहटगांव में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जनजातीय गौरव दिवस को गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं समन्वय के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होने निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### एडीएम ने किया गहन पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण

**हरदा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दूसरे चरण की एसआईआर की प्रक्रिया के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म का वितरण व वापस प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार ने बुधवार को टिमरनी विधानसभा अंतर्गत टिमरनी में बीएलओ ने किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया।

### एसआईआर कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**झिरन्या।** अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भीकनगांव आकांक्षा



अग्रवाल आकस्मिक रूप से चैनपुर पहुंचीं। वहां उन्होंने मतदान केन्द्र 139, 140 और मतदाता सूची संक्षिप्त गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ गणेश गौड़ और रामबाबू पटेल से गणना पत्रक- वितरण एवं प्राप्त करने के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर बीएलओ द्वारा ग्रामीणों में तेजू पिता भूरा, अमित गंगराड़े, विजय गंगराड़े, मोहन गंगराड़े, दिनेश विश्व कर्मा आदि को गणना पत्रक वितरण किए गए।

---

### जर्जर सड़क से हो रहीं दुर्घटनाएं आमजन को दे रहीं जख्म, स्थानीय लोगों में आक्रोश

# कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना, भैरुंदा-गोपालपुर मार्ग बदहाल, जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

पगोपालपुर से भैरुंदा मुख्य मार्ग पर सड़क की स्थिति पिछले एक वर्ष से दयनीय बनी हुई है। स्थानीय निवासियों, किसानों, वाहन चालकों और विद्यार्थियों को रोजाना खतरे के बीच सफर करना पड़ रहा है। सड़क पर गहरे गड्ढे, उखड़ा डामर और जर्जर सड़क के हालात बने हुए हैं। जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इस सड़क मार्ग पर कई दुर्घटनाएं पहले ही हो चुकी हैं।

### जिला कलेक्टर के आदेश की खुली अवहेलना

इधर जिम्मेदार अधिकारी भी ने कलेक्टर के आदेश की अवहेलना की है। 24 अक्टूबर को सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के ने इसी मार्ग से होकर गोपालपुर कृषि मंडी पहुँचते समय सड़क का निरीक्षण किया था और तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए थे, परंतु विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद मरम्मत कार्य न होना, लोकल प्रशासनिक तंत्र की गंभीर लापरवाही और आदेश उल्लंघन को दर्शाता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि संबंधित विभागीय अधिकारी और ठेकेदार जवाबदेही से बच रहे हैं। स्थानीय जनता ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये लगाकर किया गया पेजवर्क गुणवत्ता विहीन था, जिसके कारण सड़क कुछ ही समय में फिर उखड़ गई। प्रशासन से मांग है कि कार्य की गुणवत्ता जांच कर दोषी अधिकारियों और ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की जाए और सड़क की तत्काल मरम्मत शुरू करवाई जाए।

### ग्रामीणजन और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन और ज्ञापन अभियान चलाया

स्थानीय रहवासियों व राहगीरों ने कहा कि यदि कलेक्टर के आदेशों का पालन नहीं हो रहा तो विभागीय व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। लोग पूछ रहे हैं, जब शीर्ष अधिकारियों के निर्देश नहीं माने गए, तो आम जनता की सुनवाई कैसे होगी? लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण जन और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन और ज्ञापन अभियान शुरू किया जाएगा। स्थानीय रहवासियों ने कार्रवाई की मांग सड़क निर्माण और मरम्मत की गुणवत्ता जांच। जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय। दोषी ठेकेदार पर दंडात्मक कार्रवाई। एवं तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि हमने कई बार शिकायत की, पर कोई सुनवाई नहीं। अब जब कलेक्टर के आदेश भी अनदेखे किए जा रहे हैं, तो यह सीधा प्रशासन का फेल होना है।

---

### पुलिस ने मामले में दर्ज की एफआईआर

# तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, स्कूली ऑटो को नुकसान पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे शहर के गुर्जर छात्रावास के पास एक तेज रफ्तार कार ने पहले एक बुजुर्ग को टक्कर मारी, फिर स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को पलटा दिया। इस हादसे में तीन स्कूली बच्चों सहित एक बुजुर्ग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक एमपी 47 जेडए 7102 का चालक उमर पिता महबूब खान (24), जो छीपानेर रोड की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा था। इस दौरान मंदिर से दर्शन कर बाहर आ रहे तजपुरा निवासी बुजुर्ग देवकरण को उसने लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग करीब छह फीट ऊपर उछल गए। इसके बाद कार ने सामने से आ रहे एक ऑटो को भी टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। ऑटो चालक सुनील योगी ने बताया कि उनके ऑटो में छह बच्चे बैठे थे, जिन्हें वह स्कूल छोड़ने जा रहे थे। हादसे में तीन बच्चे घायल हो गए। सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को थाने ले गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालाँकि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शी सौरभ तिवारी ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत तेज थी, जिसके कारण बुजुर्ग टक्कर लगने के बाद कार के ऊपर आ गए। कार के एयरबैग भी खुल गए, जिससे कार में सवार लोगों को गंभीर चोटें आने से बच गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने ऑटो को सीधा कर बच्चों को बाहर निकाला और घायल बुजुर्ग व स्कूली बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

---

### जिले की 93516 लाड़ली बहनों के खाते में 13.72 करोड़ की राशि अंतरित

# लाड़ली बहनों को इस माह मिली 1500 रुपए की राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सिवनी के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खाते में 1500 रूपये की बड़ी हुई राशि अंतरित की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 30वीं किस्त के रूप में कुल 1857 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में जिले की 93516 लाड़ली बहनों के खाते में 13 करोड़ 72 लाख 44 हजार 800 रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। इनमें जनपद पंचायत हरदा की 23746, जनपद पंचायत खिरकिया की 22955, जनपद पंचायत टिमरनी की 25940, नगर पालिका हरदा की 11689, नगर परिषद खिरकिया की 3551, नगर परिषद सिराली की 2286 तथा नगर परिषद टिमरनी की 3349 लाड़ली बहनें शामिल है। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी भारती भलावी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

---

# किलकारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

किलकारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम के तहत बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय, हरदा में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने हेतु एएनसी पंजीकरण को बढ़ावा देना, शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में कमी लाना तथा आशा कार्यकर्ताओं की क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करना था। कार्यशाला में जोनल प्रोग्राम मैनेजर, किलकारी एवं मोबाइल अकादमी, भारत सरकार रजा अहमद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह तथा इंदौर संभाग के किलकारी कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सेन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किलकारी एवं मोबाइल अकादमी पर प्रशिक्षण देकर उनके ज्ञान एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने पर विस्तार से चर्चा की गई। किलकारी कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों तक समय पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुँचाने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि रज़ा अहमद ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किलकारी और मोबाइल अकादमी जैसे नवाचार कार्यक्रम जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और गुणवत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यशाला में जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों, बीएमओ, एएनएम, आशा सहयोगिनी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

---

# कृषि उपज मंडी में मनाई काल भैरव जयंती हवन-पूजन और भंडारे का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में बुधवार को काल भैरव जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंडी परिसर स्थित मंदिर में विशेष अनुष्ठान, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पंडितों के मार्गदर्शन में सुबह से ही भैरव जयंती पर कई कार्यक्रम हुए। मंदिर में भैरव चालीसा का पाठ किया गया, जिसके बाद पंडितों ने हवन कराया। काल भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में भगवान शंकर के साथ ही उनके काल भैरव अवतार की भी पूजा की गई और मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।

पंडित शैलेश उपाध्याय ने बताया कि भगवान भैरव की महिमा कई शास्त्रों में वर्णित है। भैरव को भगवान शिव के गण के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन भगवान शिव ने काल भैरव का अवतार लिया था और भैरव कवच का पाठ असामयिक मृत्यु से बचाव में सहायक माना जाता है। इस धार्मिक आयोजन में कृषि मंडी के व्यापारियों, तुलावटियों, किसानों और मंडी के कर्मचारियों ने हवन और आरती में हिस्सा लिया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। तवा हम्माल संघ के संरक्षक शांति कुमार जैसानी ने बताया कि हम्माल पूरे साल अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मंडी में मेहनत-मजदूरी करते हैं। वे भगवान भैरवनाथ की शरण में रहकर काम करते हैं। इसलिए, साल भर स्वस्थ और बिना किसी बाधा के काम करने की कामना के साथ भैरव अष्टमी पर हवन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की जाती है।

---

# न्यायोत्सव-2025 अंतर्गत विधिक सहायता शिविर में किया गया गर्म कपड़ों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र व श्रमिक बस्तियों क्रमशः हरदाखुर्द, ईमलीपुरा, विकासनगर, दूधडेयरी, ग्राम सोनपुरा, छुरीखाल, जामन्या तथा रामटेक आदि में विधिक जागरूकता शिविर तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हरदाखुर्द तथा दूध डेयरी में आयोजित शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर ने ग्रामीणों तथा मजदूर भाईयों बहनों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान द्वारा बंधवा मजदूरी की प्रथा का पूरी तरह उन्मूलन कर दिया गया है। साथ ही बालात बाल-श्रम भी पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं से खतरनाक उद्योगों में तथा 14 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं से किसी भी उद्योग में काम कराया जाना भी पूर्णतः प्रतिबंधित है। राठौर ने बच्चों की शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21-ए के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के सभी बालक बालिकाओं के लिये शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि निर्धनता व बेरोजगारी से बाहर आने के लिये शिक्षा ही एकमात्र अनिवार्य एवं वैधानिक साधन है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों को अनिवार्यतः स्कूल भेजें।

इस अवसर पर सचिव राठौर, पैनल लॉयर रामचन्द्र सोनी, राकेश माली, श्रध्दा मालवीय, मनीष जोशी, संजय परसाई, लवकेश खंडेल व अखिलेश राठौर एवं अन्य पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा मजदूर बस्तियों व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धन एवं असहाय जन व बच्चों को आने वाली शीतऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गर्म कपड़ों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलेंटियर्स ज्योति तिवारी, कंचन लोनिया, सुरेन्द्र कौर, अमन कजोड़िया, ज्योति राजपूत, सुनीता साहू, रितु राजपूत, नेहा शर्मा, संजय गंगराड़े, संजय नामदेव द्वारा भी अन्य स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया।

---

# जननायक गौंड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह हुआ आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जननायक गौंड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने इसका उद्घाटन किया। मंत्री उइके ने भारत माता और बिरसा मुंडा की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह समारोह गौंड जनजातीय समुदाय के चरित्र और ऐतिहासिक नायकों पर केंद्रित है। समारोह में नवीन सिंह और उनके दल ने राजा हीराखान सिंह के चरित्र को प्रदर्शित करने वाली रंगारंग नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में बताया गया कि कैसे राजा हीराखान सिंह ने अपने बल और पराक्रम से बड़े योद्धाओं को परास्त किया।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष भारती कमेड़िया, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ, एएसपी अमित कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री उइके ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित यह समारोह आदिवासी जननायकों की वीरगाथाओं का वर्णन करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को वन का राजा कहा जाता था और यह जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत है। जिला संयोजक रवि कनौजिया ने बताया कि अकादमी ने गौंड शासकों द्वारा स्थापित 52 गढ़ों में से 30 गढ़ों पर उनके चरित्र पर आधारित नृत्य नाटिकाओं का प्रदर्शन कराने का निर्णय लिया है।

---

# जाम्भाणी हरिकथा करने आए डॉक्टर गोवर्धनराम, जगह-जगह हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हर वर्ष की भांति अगहन महोत्सव नीमगांव मे 5 दिवसीय जाम्भाणी हरि कथा एवं ज्ञान यज्ञ शुरू होगा। इसके लिए डॉक्टर गोवर्धनराम आचार्य का शहर में जगह जगह हुआ भव्य स्वागत। सामाजिक लोगों ने साईं मंदिर इंदौर रोड पर एकत्रित होकर अगवानी की। अरविंद कुश्ती अखाड़े से शुरू हुई स्वागत की बेला गाड़ियों के काफिले के साथ प्रताप टॉकीज चांडक चौराहा घंटाघर होते हुए श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर नीमगांव मंदिर तक चली। अनेक स्थानों पर विभिन्न संगठन एवं व्यापारियों ने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानो पर गुरु जी का पुष्पवर्षा एवं फूल माला से स्वागत किया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष आत्माराम पटेल, पुर्व अध्यक्ष हीरालाल पटेल, कोषाध्यक्ष श्यामलाल बाबल सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा बडी संख्या में सामाजिक युवा सम्मिलित हुए। बिश्नोई समाज के अध्यक्ष आत्माराम पटेल ने आगामी 16 नवंबर से 20 नवंबर तक जम्भेश्वर मंदिर नीमगांव मे होने वाली कथा एवम यज्ञ मे शामिल होने के लिए सभी से आग्रह किया।